हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

04 क्षेत्रीय प्रवास के दौरान हीरेंद्र सिंह की सौजन्य...




07 12 करोड़ सालाना देने वाला स्टेशन यात्रियों की सुविधाओं से ...





## भगवान विश्वकर्मा जयंती के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर हुए शामिल

# प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह ने की ओझा समाज को 10 लाख 51000 देने की घोषणा







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मैं आप सभी साथियों से एक अनुरोध करूंगा जो आप समाज जन के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर की मांग उठाई जा रही है ,मित्र मंडल के पास जमीन उपलब्ध है मैं अपने परिवार की तरफ से 5 लाख 510000 की घोषणा करता हूं और सिर्फ मंदिर नहीं बनाना है उसके लिए मैं चाहता हूं जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी जी प्रधानमंत्री कौशल केंद्र चला रहे हैं इस तरह आप भी कौशल केंद्र चलना है जिससे आपके यहां से बढ़ रही बेरोजगारी कम होगी।




नौकरीयां मिल नहीं रही है तो हमें भी चीन बनना चाहिए । इसलिए 5 लाख रुपए कौशल केंद्र के लिए देने की घोषणा करता हूं। आप लोग यहां मणिधारी गार्डन में समाज की गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह है आयोजित करें यह सुविधा आपके लिए पूरी तरह निशुल्क रहेगी । मैं आप सबके साथ कदम से कदम मिलकर चलूंगा । उक्त उद्गार ओझा समाज मित्र मण्डल सेवा समिति,भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिवस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने व्यक्त किए ।विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण ओझा (प्रदेश अध्यक्ष, ओझा समाज मित्रमण्डल सेवा समिति ) रहे। वहीं कुशवाहा समाज श्री राम जानकी धर्मशाला पाठशाला व मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत कुशवाह विशेष रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम शनिवार सुबह 10 बजे से मणिधारी गार्डन में आरंभ हुआ जहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना हवन आदि अनुष्ठान हुए।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

अंत में सह भोज पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ ।आयोजन में विजय ओझा पत्रकार ,विनोद कुमार ओझा मुंदोल, विजय कुमार ओझा बमोरी बुजुर्ग ,रामनारायण ओझा,चंद्र मोहन ओझा ,राजू ओझा पार्षद ,बनवारी लाल ओझा, भानु प्रताप ओझा , पिस्ता ओझा, लक्ष्मी ओझा, गोमती ओझा, पूजा ओझा,कांति झा, संगीता आर्य ,सोनू ओझा, विष्णु झा एडवोकेट, प्रेम नारायण ओझा, घनश्याम ओझा, दीपक गॉड पत्रकार, अनूप सोढ़ी, गुलाब राज , पंकज शर्मा, बनवारी लाल ओझा सहित सैकड़ों समाजबंधु शामिल हुए।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़, 22 पर केस और 8 दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 22 सदस्यों के विरुद्ध मामला दर्ज कर 8 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक लग्जरी कार, मोबाइल और नकदी सहित करीब 15 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।दशहरा मैदान में घेराबंदी कर पकड़े गए सटोरियेकार्रवाई की शुरुआत 29 जनवरी को हुई, जब मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दशहरा मैदान में खड़ी एक किया सोनेट कार एमपी 09-5797) की घेराबंदी की। कार के भीतर मोबाइल पर सट्टे का हिसाब-किताब कर रहे चार आरोपियों दिव्यांशु उर्फ नैना शर्मा विकास नगर, दीपांशु जाट रिछैरा, शुभम साहू जाट मोहल्ला और राम गुर्जर बलवंत नगर को रंगे हाथों पकड़ा गया।20 से अधिक सदस्यों का फैला था जालप्रारंभिक पूछताछ में मुख्य आरोपी दिव्यांशु शर्मा ने कबूला कि वे एक बड़े सिंडिकेट का हिस्सा हैं, जिसमें सुपर एडमिन से लेकर क्लाइंट तक की चेन जुड़ी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 जनवरी को गिरोह के चार और सदस्यों नवनीत किरार ऐंदवाड़ा, अरविंद धाकड़ कुशमौदा, आशीष सेन चौधरी मोहल्ला और रोहित उर्फ मोंटी गुप्ता बीजी रोड को गिरफ्तार किया। गिरोह में शामिल नवनीत, अरविंद, आशीष और रोहित सहित कुल 22 लोगों के खिलाफ कैंट थाने में बीएनएस और सट्टा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।15 लाख का माल बरामदपुलिस ने आरोपियों के पास से 5 लाख कीमत के 8 प्रीमियम स्मार्टफोन, 10 लाख की कार और नकदी जब्त की है। गिरोह के शेष फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इस बड़ी सफलता में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, एसआई बुन्देल सुनीरिया, राहुल शर्मा, और साइबर सेल के कुलदीप यादव, नीलेश, राजीव व संजय जाट सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।



## स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के कैंट थानांतर्गत कुड़ी मंगवार के पास शनिवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रवि अग्रवाल के रूप में हुई है, जो बमोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। रवि पिछले दो दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थे। घटनास्थल पर रवि का शव सड़क किनारे पड़ा मिला, जबकि उनकी मोटरसाइकिल कुछ दूरी पर गिरी हुई थी। विशेष बात यह है कि रवि के सिर पर हेलमेट लगा हुआ था। प्रथम दृष्टया मामला किसी अज्ञात वाहन की टक्कर (हिट एंड रन) का प्रतीत हो रहा है, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बमोरी स्वास्थ्य केंद्र के तमाम कर्मचारी और परिजन मौके पर पहुंच गए। कैंट पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह महज एक सड़क हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण। रवि की मौत की खबर से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में शोक की लहर है।



## ऑटो पार्ट्स दुकान में हुई चोरी का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए ऑटो पार्ट्स की दुकान में हुई चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नकदी बरामद की है।टीन शेड हटाकर गल्ले से की थी चोरीघटनाक्रम के अनुसार, भार्गव कॉलोनी निवासी राहुल जैन ने 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जयस्तंभ चौराहे स्थित उनकी राहुल ऑटो पार्ट्स की दुकान में 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात चोरी हुई है। अज्ञात चोर ने छत का टीन शेड हटाकर भीतर प्रवेश किया और गल्ले से नकदी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ क्चहस् की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़ा गया चोरइंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुशल पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनू (23) पुत्र दौलत आदिवासी, निवासी ग्राम सिंगवासा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से शेष बची नकदी 3379 रुपये बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में इंचार्ज थाना प्रभारी कुशल पाल, प्रधान आरक्षक अशोक सरोज, आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, विनय धाकड, शिवकुमार रघुवंशी और राजू सरवैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण का अवसर भी मिलता है

# कामाख्या देवी दर्शन के लिए 250 तीर्थ यात्री हुए रवाना







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गुना से कामाख्या देवी मंदिर तक के लिए श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु आज गुना रेलवे स्टेशन से रवाना की गई ।भारत गौरव स्पेशल ट्रेन को गुना विधायक पन्नालाल शाक्य एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही ट्रेन में सवार जिलेभर से आए लगभग ढाई सौ श्रद्धालुओं को अतिथियों ने पुष्पहार भेंट कर अभिनंदन किया और उन्हें शुभ यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सिकरवार ने कहा कि प्रदेश सरकार इस योजना के तहत नियमित रूप से देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के लिए वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क यात्रा का आयोजन करती है, जिससे उन्हें धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण का अवसर भी मिलता है।विधायक श्री पन्नालाल शाक्य ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत यात्रियों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा ट्रेन यात्रा, ठहरने की व्यवस्था, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता और स्थानीय दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ,इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक अनुभव प्रदान करना और उन्हें मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा,नरेंद्र बड़कुल पवन यादव,डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री,संयुक्त कलेक्टर संजीव खमरिया,डूडा अधिकारी संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे ।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुना पहुंचे, आदिवासी सम्मेलन में होंगे शामिल

**गुना ।** अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य अपने चार दिवसीय प्रवास पर गुना पहुंचे जिनका स्वागत गेल,विजयपुर पहुंचकर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ,गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ आदि ने स्वागत किया ।श्जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि श्री आर्य अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे ।उन्होंने गुना आने पर सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अन्य विषयों पर अपने विचार साझा किये।बैठक में जिला महामंत्री संतोष धाकड़,जिला उपाध्यक्ष शिवपाल परमार,प्रबल प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव,मुनेश धाकड़,ओम प्रकाश राठौर,नरेंद्र बड़कुल,बृजकिशोर धाकड़,सुनील नंदा,दिनेश ओझा,नितेश भार्गव ,गिरिराज धाकड़ आदि उपस्थित रहे ।वे रविवार को बमौरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डिगडौली में आयोजित होने वाले आदिवासी सम्मेलन में शामिल होंगे एवं स्थानीय लोगों के साथ भोजन करेंगे ।बमौरी से वे विजयपुर के लिए रवाना होंगे जहाँ वे नेशनल फर्टिलाइज़र लिमिटेड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ।रात्रि विश्राम गेल गेस्ट हाउस में करेंगे।अपनेप्रवास के दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों एवं बैठकों में हिस्सा लेंगे ।



## समाचार संक्षेप

### कोषालय अधिकारी निलंबित, खजांची पर पहले ही हो चुकी है एफआईआर

**गुना।** जिला कोषालय में 2.70 करोड़ रुपये के स्टांप घोटाले के मामले में अब ट्रेजरी अधिकारी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। वित्त विभाग ने गंभीर लापरवाही का दोषी मानते हुए जिला कोषालय अधिकारी राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय भोपाल स्थित संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय रहेगा। मामले में पुलिस जांच जारी है।जांच में सामने आया कि कोषालय से कुल 3.74 करोड़ रुपये मूल्य के स्टांप जारी किए गए, लेकिन सिस्टम में मात्र 1.04 करोड़ रुपये की ही एंट्री दर्ज की गई। इस तरह शासन को सीधे 2.70 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ग्वालियर की संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा की टीम ने 17 और 18 दिसंबर को गुना कोषालय का निरीक्षण किया था।

### हिंदू राष्ट्र और गो सेवा के संकल्प के साथ निकाली 14 किमी लंबी पैदल यात्रा

**गुना।** हिंदू संस्कृति के संरक्षण और संगठन की शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए शनिवार को बेरखेड़ी रूठियाई से ग्राम भैंसाना तक भव्य सनातन ग्रामोदय एकता यात्रा निकाली गई। रूठियाई स्थित गल्ला मंडी के हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा एनएफएल पालिका बाजार और डोंगर होते हुए करीब 14 किलोमीटर का सफर तय कर भैंसाना स्थित आश्रम हनुमान मंदिर पहुँची।यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में सहयोग, हिंदू समाज को संगठित करना और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु जन-जागरूकता फैलाना रहा। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए हरे रामा-हरे कृष्णा की धुन पर कीर्तन करते हुए चले। भैंसाना मंदिर पर सामूहिक कीर्तन के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस आयोजन में बरखेड़ी मंदिर पुजारी भूरा केवट, सनातनी गौ रक्षक राघौगढ़ राधेश्याम नाथ, विवेक केवट, मानसिंह, गोलू सेन, कल्याण ओझा, हिमांशु, विष्णु, विनोद, भैयालाल, रामलखन और माधो सिंह सहित राघौगढ़ क्षेत्र के अनेक सनातन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन

**गुना।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, जैविक उत्पादों के उपयोग तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, बस स्टैंड होते हुए नानाखेड़ी मंडी से उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय तक निकाली गई, जहां मार्ग में किसानों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा सहित कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।




### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 : जूडो प्रतियोगिता में गुना जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुना ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत जूडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 जनवरी 26 तक सागर संभाग में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 जिलों की जूडो टीमों ने सहभागिता की। जिला जूडो संघ, गुना के सचिव सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुना जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 6 पदक अर्जित किए।गुना जिले को स्वर्ण पदक भारत रजक (50 किग्रा) एवं जमुना केवट (57 किग्रा), रजत पदक निशा अहिरवार (+70 किग्रा) तथा कांस्य पदक प्रतिज्ञा मीणा (40 किग्रा), अंजलि चौधरी (44 किग्रा) एवं मोहम्मद साद (+90 किग्रा) ने दिलाए। श्री शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी जिला जूडो संघ एवं नोडल खेल केंद्र के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं तथा जूडो कोच गौरव प्रताप सिंह चौहान (एन.आई.एस. कोच) के मार्गदर्शन में किए गए प्रशिक्षण के फलस्वरूप यह सफलता हासिल हुई है।इस अवसर पर श्री चंद्रेश सोनी, नोडल खेल केंद्र के प्रभारी मनोज शर्मा, गुना खेल विभाग की अधिकारी शर्मिला डाबर, दुर्गेश सक्सेना, अतुल शर्मा, खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के कोच यश प्रधान, सीनियर खिलाड़ी कुशाग राजपूत, कृति कुशवाह एवं समस्त सीनियर खिलाड़ियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में गुना जिले से कुल 16 खिलाड़ियों ने सहभागिता की, जिनमें से कई खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### वारदात की नीयत से घूम रहा बदमाश हथियार समेत गिरफ्तार

**गुना।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत आरोन थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक शातिर बदमाश को दबोचा है। 30-31 जनवरी की दरमियानी रात पुलिस को सूचना मिली कि सिरोंज रोड बाईपास तिराहे पर एक व्यक्ति कट्टा लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।इंचार्ज थाना प्रभारी पंकज कुशवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वीर सिंह दांगी (43) निवासी ग्राम खिरिया दांगी हाल आरोन को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## समाचार संक्षेप

### शासकीय उत्कृष्ट उमावि राघौगढ़ में पांच दिवसीय कॅरियर मेले का समापन



**राघौगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में दिनांक 31 जनवरी 2026 को विगत पांच दिनों से चल रहे कैरियर मेले का समापन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर एवं रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अंजू सिंह (आईटीआई राघौगढ़), मोनू सैनी एवं अजय सैनी (शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़), डॉ. साहिब अली तथा डॉ. रिया जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने-अपने क्षेत्र में करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी।डॉ. साहिब अली ने मेडिकल क्षेत्र में रोजगार के अवसरों एवं नीट परीक्षा की जानकारी दी। आईटीआई राघौगढ़ की सुश्री अंजू सिंह ने आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया व रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ के मोनू सैनी एवं अजय सैनी ने पॉलिटेक्निक कोर्सेस की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। प्रभारी प्राचार्य ललित कुमार वास्त्री एवं कैरियर काउंसलिंग प्रभारी लक्ष्मण सिंह अहिरवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।विद्यालय के विषय शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। आकाश शाह ने कॉमर्स संकाय, पिंकी कुशवाहा ने गणित संकाय तथा अमित शर्मा ने कला संकाय में करियर एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### उत्कृष्ट विद्यालय राघौगढ़ के बच्चों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**राघौगढ़।** शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर एवं IT के छात्र-छात्राओं को एफ डी डी आई गुना में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया। यह औद्योगिक भ्रमण संस्था के प्राचार्य एस.सी.आर्य के नेतृत्व में हुआ,जिसमें विद्यालय से अकाश शॉ (व्यावसायिक शिक्षा नोडल अधिकारी), व्यावसायिक शिक्षक राजू सिंह राजपूत, व्यावसायिक शिक्षक रवि ठाकरे एवं श्रीमति रचना सैनी भी शामिल रहे। FDDI से सहायक प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा के द्वारा छात्र छात्राओं को फुटवेयर डिजाइनिंग कोर्स एवं इंस्टीट्यूट में उपस्थिति रोबोट तथा अन्य उपकरणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही सहायक प्रबंधक शर्मा ने छात्रों को B.Des जैसी डिग्री के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस भ्रमण में विद्यालय के 125 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय प्रवास के दौरान हीरेंद्र सिंह की सौजन्य भेंट धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता की






हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

जन-जन के लाडले नेता एवं राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की शान हीरेंद्र सिंह बंटी बना ने अपने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान स्नेही परिवारों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन से आत्मीय मुलाकात की।

प्रवास के दौरान श्री बंटी बना ग्राम झितिया में यादव परिवार के बीच पहुँचे, जहाँ उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। इसके पश्चात ग्राम मुहासा में नीलम सिंह रघुवंशी परिवार द्वारा राजेश सिंह रघुवंशी के रेलवे विभाग में लोको पायलट पद पर चयन होने के उपलक्ष्य में आयोजित श्री रामचरितमानस पाठ एवं भंडारे में सम्मिलित होकर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सौजन्य भेंट की। ग्राम आमखेड़ा राय, तिगरा, डगराई, जासी एवं पनवारी हाट में जाट परिवार, यादव परिवार, ग्रामवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्री बंटी बना का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, जीतू साहू, शत्रुघ्न सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह रघुवंशी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।इसी क्रम में श्री बंटी बना ग्राम सालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

क्षेत्रीय प्रवास के दौरान उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराम रघुवंशी के पूज्य पिताजी स्वर्गीय अमर सिंह रघुवंशी को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं गंगा भोज भंडारे में सहभागिता की।ग्राम हुसैनपुर में भाजपा मंडल महामंत्री रविंद्र सिंह धाकड़ के पूज्य पिताजी तथा ग्राम रामपुर में किसान मोर्चा अध्यक्ष लखनपुरी की धर्मपत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ग्राम चोकेट में माँ नर्मदा की पैदल परिक्रमा पूर्ण कर लौटे तोफान सिंह यादव को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आरोन में पार्टी कार्यकर्ता नाज खान के बड़े भाई की धर्मपत्नी तथा ग्राम खजूरी में पार्टी कार्यकर्ता स्वर्गीय महेश जाट के परिवारजनों के बीच पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सौजन्य भेंट की।क्षेत्रीय प्रवास के दौरान हीरेंद्र सिंह बंटी बना का जनता एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद एवं सहभागिता सराहनीय रही।

## मध्यप्रदेश खेल प्रतियोगिता में बीनागंज के खिलाड़ियों का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर




हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा मध्यप्रदेश में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बीनागंज क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।
बीनागंज के होनहार खिलाड़ियों ने पहले तहसील स्तर, फिर जिला एवं संभाग स्तर पर शानदार विजय प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।
प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत एवं खेल भावना का परिचय देते हुए निर्णायकों और खेल विशेषज्ञों को प्रभावित किया। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों में परी व्यास, साधना कुशवाहा, नैतिक सहरिया, प्रथमेश शर्मा, अभय राजपूत, ललित लववंशी एवं शिशुपाल राजपूत शामिल हैं।इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बीनागंज क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।
खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। चयनित खिलाड़ियों की इस सफलता को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।

## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का आरोन व ग्रामीण अंचलों में एक दिवसीय दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह का शुक्रवार को आरोन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एकदिवसीय दौरा व्यापक जनसंपर्क, सामाजिक सहभागिता एवं संगठनात्मक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक जयवर्धन सिंह प्रातः 11:30 बजे आरोन पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। आगमन के पश्चात उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं, संगठन की स्थिति तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।ब्लॉक कांग्रेस आरोन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विधायक जयवर्धन सिंह गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इसके पश्चात वे राकेश उपरिंग द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने प्राचीन देव स्थापना हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक कार्यक्रम के बाद वे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव के निवास पहुंचे और उनके भतीजे के असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने आरोन नगर के अन्य शोकाकुल परिवारों से भी मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट कीं।सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत विधायक जयवर्धन सिंह इमलानी परिवार के नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित होकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं एक मुस्लिम परिवार में बिटिया की शादी के अवसर पर पहुंचकर आशीर्वाद दिया और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की।



# नालियों की अनदेखी से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, मुख्य बाजार में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में नगर प्रशासन की लापरवाही के चलते नालियों की नियमित व समुचित सफाई नहीं हो पा रही है, जिससे नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

इस स्थिति ने बाजार की स्वच्छता व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है और आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर फैले गंदे पानी और कीचड़ के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। मजबूरी में लोग गंदगी के बीच से गुजर रहे हैं, जिससे उनके कपड़े और पैर गंदे हो जाते हैं। इसका सीधा असर दुकानों पर भी देखने को मिल रहा है, जहां गंदे पैरों के साथ ग्राहक दुकानों में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे दुकानों के अंदर भी गंदगी फैल रही है।व्यापारियों का कहना है कि इस समस्या के कारण ग्राहकों को असुविधा होती है और कई ग्राहक बाजार आने से भी कतराने लगे हैं। इससे उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दुकानदारों को बार-बार साफ-सफाई करनी पड़ रही है, फिर भी गंदगी से निजात नहीं मिल पा रही है।



स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नालियों के ओवरफ्लो की यह समस्या कोई नई नहीं है। पूर्व में भी कई बार नगर प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।नालियों की समय पर सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।नागरिकों एवं व्यापारियों ने नगर परिषद से मांग की है कि मुख्य बाजार सहित पूरे नगर में नालियों की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही नालियों की मरम्मत और स्थायी समाधान किया जाए, ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

# एकल अभियान ने मासिक अभ्यास वर्ग विहिप कार्यालय पर आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

एकल अभियान अशोकनगर का 30 घंटे का मासिक अभ्यास वर्ग विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर संपन्न हुआ। वर्ग में मुख्य रूप से जिला प्रचारक संजय नागर ने एकल अभियान के कार्यों का वर्णन करते हुए जानकारी प्रदान की ।

उन्होने बताया कि भउ राव देवरस ने 1986 मे झारखंड से एकल अभियान का शुभारंभ किया था आज जो गांव के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसमें पंचमुखी शिक्षा संस्कार, भारत मां के प्रति समर्पण, त्याग, गांव को संस्कारवान बनाना आदि से अवगत कराना है। आज भारत ही नहीं नेपाल में भी एकल अभियान चल रहा है एक लाख से ऊपर एकल विद्यालय हमारे देश में चल रहे हैं यह हमें गर्व की बात है। विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर डॉ दीपक मिश्रा ने पंच परिवर्तन के विषय को लेकर बताया कि यह एकल अभियान के द्वारा प्रत्येक गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में जो पंच परिवर्तन का आह्वान किया गया है। प्रत्येक गांव के प्रत्येक व्यक्ति को पंच परिवर्तन का पालन करते हुए समाज परिवर्तन करना है क्यों पंच परिवर्तन करने से हमारे जीवन में सारी चीजों का परिवर्तन होगा। समाज बचेगी राष्ट्र सुरक्षित होगा भारत मां का मान बढ़ेगा। इसलिए हमें संकल्प लेकर एक कार्य करना है यह अवसर पर जिला सहकारवा दिलीप रघुवंशी, एकल अभियान पप्पू सिंह गतिविधि प्रमुख ,एकल संच समिति अध्यक्ष हरिओम शर्मा महिला संच समिति अध्यक्ष गंगा रघुवंशी विहिप विभाग संघठन मंत्री वीर सिंह लोधी, दिनेश विरथारे रिटेर्ड टी आई,अखंड रघुवंशी समाज से अमित रघुवंशी कुड़ाई अभयप्रताप रघुबंसी संचालन सच प्रमुख गजम लोधी ने किया।



## सत्यार्थी सेवा समिति ने गरीबों को कंबल,बिस्कुट व सामग्री प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शनिवार को इस सर्दी में ठंड से बचाव के लिए सत्यार्थी सेवा समिति आगे आई। इस समिति द्वारा राजमाता चैराहे गुना रोड पर अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर से आए कुछ खेल तमाशा दिखाने वाले, ढोल बजाने वाले, निर्धन भाई बहनों एवं बच्चों को गर्म कंबल प्रदान किए। इन कंबलों के साथ उन्हे बिस्कुटख चिप्स, चाय प्रदान की।

इस समिति के द्वारा शहर के अन्य स्थानों पर जाकर कमजोर और गरीब परिवार के लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर सत्यार्थी सेवा समिति संरक्षक डॉ. वर्षा बड़कुल, अध्यक्ष दर्शित बड़कुल, रश्मि जैन, सम्यक बिल्कुल, मनीष टैटू, अमन विश्वकमार, जगमोहन बैरागी, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# कॅरियर काउंसलिंग एवं एकीकृत जागरुकता कार्यक्रम हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम एवं मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा एकीकृत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा बताया गया कि दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक करियर काउंसलिंग का छात्र-छात्राओं के लिए आयोजन किया जा रहा था। इसके लिए प्रतिदिन शासन के निर्देशानुसार करियर काउंसलिंग छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर दिशा निर्देश बताई जा रहे थे साथ में पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे एकीकृत जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत एसडीओपी विवेक शर्मा एवं देहात कोतवाली नगर निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा विद्यालय में छात्राओं को गुड टच बेड टच ,मुस्कान अभियान, साइबर सुरक्षा, राह-योजना,यातायात संबंधी जानकारी दी गई।



बताया गया कि इन सब अभियानों को लेकर पुलिस द्वारा एकीकृत जागरूकता अभियान बनाया गया है। छात्राओं से अपील की गई कि आप विद्यालय आने में अथवा जाने में कहीं भी कोई परेशानी का सामना करना पड़ता हो तो आप भय मुक्त होकर अपने माता-पिता से गुरुजनों से अथवा पुलिस से अपनी बात साझा करें आपकी तुरंत मदद के लिए मध्यप्रदेश पुलिस आपका सहयोग करेगी और आप निश्चिंत होकर अपना विद्या अध्ययन करें और अपना भविष्य बनाएं।

## रोटरी मेडिकल मिशन का कैम्प अथाईखेड़ा में हुआ आयोजित



**अशोकनगर।** रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत रोटरी परिवार एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सहयोग से मध्य प्रदेश शासन द्वारा अशोकनगर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथाईखेड़ा में कैम्प का शुभारंभ हुआ। इसमें जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी, भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री लखन यादव की विशेष उपस्थिति में डॉ.पंकज शुक्ला एवं उनके स्टॉफ सहयोगी नर्स, आशा कार्यकर्ता, लेब तकनीशियन, ए.एन. एम. सहित स्टाफ ने 70 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया एवं आवश्यक होने पर दवाइयां दी। रोटरी क्लब की ओर अध्यक्ष अजित कुमार जैन ने उपस्थित रहकर सहभागिता की। इस प्रोजेक्ट के तहत ज्यादा गंभीर बीमारी के मरीजों को 21 मार्च से 28 मार्च 2026 तक शिवपुरी में आयोजित विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा जाएगा जहां विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उनका इलाज करेगी। अभी 18 फरवरी तक जिले के सभी प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न दिनांकों पर परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। रोटरी परिवार का सभी से अनुरोध है कि अपने आस पास के बीमार नागरिकों को अवश्य ही जानकारी देकर शिविरों का लाभ उठाएं।'

### यूजीसी बिल के विरोध में आज शाढ़ौरा बंद, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा

**शाढ़ौरा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा लाए जा रहे नवीन बिल के विरोध में आज शाढ़ौरा नगर पूरी तरह बंद रहेगा। सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में समाजसेवी नीतू रामकृष्ण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यूजीसी का नया बिल सामान्य वर्ग के मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार इस विवादित बिल को तत्काल वापस ले या इसमें ऐसे संशोधन करे जिससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। छात्र हितों की अनदेखी का आरोप लगाकर क्षेत्र के नागरिकों का तर्क है कि बिल के वर्तमान स्वरूप से शैक्षणिक संस्थानों में विसंगतियां पैदा होंगी और योग्यता (डमतपज) प्रभावित होगी। इसी के विरोध में आज शाढ़ौरा के व्यापारियों और संगठनों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है। दोपहर में नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रदर्शनकारी थाना शाढ़ौरा पहुंचेंगे और, जहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को बुलंद किया जाएगा।

# रासेयो का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण करने के लिए सक्षम बनाना: प्रो. कंसाना

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ढुढ़ेर में आयोजित हो रहे शिविर में तृतीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से राष्ट्रीय सेवा योजना के संभागीय समन्वयक प्रो. हरिशंकर कंसाना की गरिमा में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर में प्रो. कंसाना ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ऐसे युवाओं को तैयार कर रही है जो देश को बदलने की शक्ति रखते हैं, जो देश को आगे बढ़ाने का सामर्थ रखते हैं। इन युवाओं की सहायता से शीघ्र ही हमारा देश विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ेगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियों के साथ संवाद/परिचर्चा करते हुए आदर्श ग्राम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा भी की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में कहा की शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक दायित्व एवं समरसता का विकास होता है जो उन्हें भविष्य में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करन सिंह ने आभार डॉ. प्रवीण पांडेय द्वारा किया गया। इसमें ग्राम ढुढ़ेर के सरपंच सुरेंद्र यादव कॉलेज से डॉ. रंजीत सिंह सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





### शाढ़ौरा में श्रद्धा और उत्साह के साथ श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव मनाया गया

**शाढ़ौरा।** श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव शाढ़ौरा में पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान टेकरी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर पर समाज द्वारा पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे सभी समाज बंधुओं ने एकत्र होकर विधिविधान से भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाढ़ौरा ओझा समाज के अध्यक्ष हरनाम ओझा ने बताया कि 17 सितंबर को पूरे विश्व में श्री विश्वकर्मा भगवान का पूजन दिवस मनाया जाता है, जिसमें इंजीनियरिंग, मशीनरी एवं औजारों से जुड़े लोग अपने कार्य उपकरणों की पूजा करते हैं। वहीं श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर समाज के आराध्य, सृष्टि के रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा जी का विधिवत पूजन-अर्चन समाज द्वारा किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक समाज बंधु एवं नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी से समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की।

## खबर संक्षेप

### जिले में हुए मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरोला निवासी रामकृष्ण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार , जयपाल और वीरपाल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण, प्रकाश, कन्छेदी, किशोर और रीना बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा निवासी कल्लो बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू और सहोदरा बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम कर्रा टांका निवासी अनिकेश पुत्र करण सिंह लोधी उम्र 25 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात आरोपी खेत से सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम शुक्लापुरी निवासी मनोज शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर फरियादी के खेत से मोटर के 5 स्टाटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत कबूल सिंह पुत्र बादल सिंह कुशवाह उम्र 47 साल निवासी आमखेडा को बिजली का करंट लग गया था, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत 1 जनवरी को रीना पत्नि भरत अहिरवार उम्र 36 साल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिसकी जांच तत्काल थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित द्वारा की जा रही थी। उक्त मर्ग की जांच में पाया कि ससुराल पक्ष की ओर से भरत अहिरवार, मुनेश अहिरवार, मुन्नी बाई अहिरवार द्वारा उसे प्रताड़ति किया गया जिससे तंग आकर उसने फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत आरोन रोड़ मंडी गेट के पास प्लाजा होटल के समीप गुलाब पुत्र लक्ष्मण अहिरवार उम्र 45 साल निवासी ग्राम बरखुआ बहादुरपुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अशोकनगर स्टेशन की इमारत बनी, हैंडओवर नहीं की, कई काम शेष

# 12 करोड़ सालाना देने वाला स्टेशन यात्रियों की सुविधाओं से विहीन







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय अशोकनगर में रेल विभाग द्वारा जन सुविधाओं की दृष्टि से नई इमारत तैयार की गई है। भवन तो बना है लेकिन जिन विभागों का काम है उन विभागों के द्वारा कार्यों को पूरा नहीं किया गया है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक द्वारा यह कार्य पूरे कराए जा रहे हैं उन्होंने कहा है कि जब तक कार्य पूर्ण नहीं होगें तक भवन को हैंडओवर नहीं किया जाएगा। पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत कोटा बीना रेल खण्ड पर अशोकनगर एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है यह व्यापारिक नगर होने के साथ जिला मुख्यालय का शहर है ।

यहां से प्रतिवर्ष रेल विभाग को लगभग 12 करोड़ रूपए की आय होती है जिसमें आनंदपुर में लगने वाले मेलों की भीड़ के साथ करीला जैसे मेले में आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते जाते हैं। इन सबका लाभ रेलवे को मिलता है। अगर दिसंबर माह में आय की बात करे तों 33 हजार 802 यात्रियों ने पूरे माह में यात्रा की है और रेलवे को 82 लाख 77 हजार 785 रूपए की आय हुई है। जिसमें जनरल टिकट 57 लाख 37 हजार 785 रूपए से रिर्जवेशन के माध्यम से 25 लाख और एटीव्हीएम मशीन के माध्यम से 40 हजार रूपए के टिकटों का वितरण हुआ है। मेलों और शादी विवाह के दिनों में यह आय का आकड़ा और बढ़ जाता है।

### 1896 में स्टेशन बना अब तक 129 वर्ष पूरे हुए

अशोकनगर शहर का पुराना नाम पछार है और स्टेशन टकनेरी हुआ करता था कोटा बीना रेल खण्ड का निर्माण 1896 में हुआ था। तब से अब तक 129 वर्ष हो चुके हैं तब से आज तक रेलवे का भवन जो अंग्रेजी हुकुमत के दौरान बना था वहीं चला आ रहा था। लेकिन अब भारत सरकार की अमृत 2 योजना में अशोकनगर स्टेशन को शामिल किया गया था जिसके बाद यहां साढे 9 करोड की लागत से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें स्टेशन की नई इमारत भी शामिल है। वैसे तो यह कार्य मार्च 2026 तक पूरे होना थे किन्तु फरवरी माह आ गया है काम की रफ्तार धीमी है जिसे देखते हुए कहा जाना मुश्किल है कि संबंधित काम ठेकेदारों द्वारा समय से पूरा कर लिया जाएगा। अभी सिर्फ इमारत खडी हुई है लेकिन जिस भवन से यात्रियों को गुजरना है जो प्राथमिकता से पूरी होना है उनकी अभी बड़े स्तर पर कमी है। पिछले दिनों रेल महाप्रबंधक कार्यालय जबलपुर से अधिकारियों का एक दल भी निरीक्षण करने के लिए अशोकनगर आया था। तब इन अधिकारियों ने नाराजगी जताई थी लेकिन उसके बाबजूद भी निर्माण कार्यों में गति नहीं आ पाई है। जिससे निर्माण कार्यों को पूरा होने और सुविधाएं समय से मिल पाए मुश्किल लग रहा है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए नहीं हुए पर्याप्त इंतजाम

इस नए भवन में यात्री टिकट के साथ रिजर्वेशन काउंटर और आने जाने के लिए प्रवेश द्वार रहेगें लेकिन यहां पर न तो टिकट विंडो के लिए रेलिंग लगाई गई है और न ही दिव्यागों के लिए रैम्प बनाया गया है। यहां से गुजरने वाली ट्रेनों की समय सारणी भी यहां पर नहीं लगी है। इसके अलावा जहां जहां सेड की व्यवस्था है उनके नीचे पर्याप्त मात्रा में यात्रियों को बैठने के लिए बैंच की सुविधा भी नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफार्म क्रमांक 2 और 3 से आने वाले यात्रियों के लिए भी पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इन सबको लेकर स्टेशन प्रबंधक ने वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान भी आकर्षित किया है और स्वयं भी अपने स्तर पर काम कराने की सक्रियता दिखाई है।

### अशोकनगर स्टेशन के बाहर पर्याप्त मात्रा में हाई मस्ट लाईट की जरूरत

स्टेशन प्रबंधक के.एल मीणा के द्वारा जितने भी स्टेशन पर पानी के स्टेण्ड बने थे उन्हें शुरू कराया गया है और जो नए स्टेण्ड बने हैं उन्हे चालू करवाये जाने के लिए कहा गया है। इसी तरह अशोकनगर स्टेशन के बाहर राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के लिए नया पोल लगाया गया है लेकिन अभी तक ध्वज फहराने की शुरूआत नहीं हुई थी जिसके लिए कहा गया है। साथ में अशोकनगर स्टेशन के नेम बोर्ड जो धुंधले हो गए हैं उन्हें भी नए तरीके से सुसज्जित करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर स्टेशन की वर्तमान इमारत को ओवर ब्रिज से जोड़ा जाएगा, यह पहले से ही तय है। अशोकनगर सर्कुलेट परिसर में प्रयास है कि 5 नईं हाई मस्ट लाईट लगें ताकि पर्याप्त मात्रा में उजाला रहे। इसी प्रकार प्लेटफार्म न 3 के बाहर जो दूसरा हिस्सा शहर से लगा है उस स्थान पर भी एक नई हाई मस्ट लाईट लगाने के लिए कहा गया है।

### नए भवन के साथ पुराने भवन से भी यात्री आ जा सकेंगे

नया भवन चालू होने के बाद यात्री पुराने और नए दोनों भवनों से आ जा सकेगें, लेकिन यात्री टिकिट नए भवन से ही उपलब्ध होगें। यहां दो एटीव्हीएम मशीन लगाई जाएगीं अभी एक मशीन रखी है और एक मशीन काम रही है,इन दोनों मशीनों को नए भवन के बाहर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीला मेले को लेकर अभी से स्टेशन पर पानी के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां जहां बोर्ड संकेतक के रूप में नही लगे हैं उन सबको भी लगवाया जा रहा है। उनका कहना है कि नए निर्माण कार्य हो रहे हैं तो अशोकनगर स्टेशन भी उतना ही अच्छा लगना चाहिए। जो खुला इलाका मुख्य प्लेटफार्म के बाहर था उसे भी दीवाल खड़ी कर पैक किया जा रहा है।

## पलकटोरी में गोदाम से ट्रक में भरे जा रहे 300 बोरी चावल प्रशासन ने बरामद कर जांच के लिए समिति का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर एक व्यापारी के यहां से ट्रक में चावल के कटटे रखे जाने की सूचना प्रशासन को मिली थी। जिसके बाद अधिकारियों का एक दल मौके पर पहुंचा और ट्रक में माल रखा जाना पाया गया जिसके बाद प्रशासन ने उक्त माल को ट्रक से खाली कराकर गोदाम में रखा है और गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई है।

ट्रक का नंबर एमपी04 एचई 4320 है, बताया गया है कि व्यापरी द्वारा यह माल गुजरात भेजने की तैयारी की जा रही थी। एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी ने बताया कि यह मामला शुक्रवार की रात का है जब इस बात की जानकारी मिली तब जिला खाद्य अधिकारी प्रार्ची शर्मा, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजा गया था। जिसके बाद यह जांच की जा रही है कि यह चावल पीडीएस का तो नही हैं। इसकी जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है जिसमें तहसीलदार भारतेन्दु यादव, जिला खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा और नागरिक आपूर्ति अधिकारियों को रखा गया है। यह जांच समिति अपनी रिपोर्ट प्रदान करेगी। उसके बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी। जिला आर्पूति अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि यह चावल कृष्णा इंटरप्राइजेज का है जिन पर मंडी का लायसेंस है और मंडी में माल खरीदी की जाती है यह चावल पीडीएस का यह या नहीं इसकी जांच की जा रही है। जिस जगह यह माल रखा हुआ था वहां गोदाम है और ट्रक में माल लोड किया जा रहा था। आधा ट्रक लोड हो गया था जिसके बाद ट्रक से माल वापिस गोदाम में रखवाया गया है और गोदाम सील की गई है। समिति के द्वारा जांच की जा रही है।

### कचनार में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की आज से शुरुआत ध्वजारोहण और घटयात्रा से होगी

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर प्राचीन नगरी कचनार में 7 दिवसीय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत 1 फरवरी से हो रही है। 7 फरवरी तक चलने वाले इस महा महोत्सव का आयोजन परम पूज्य मुनिश्री दुर्लभसागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। 1 फरवरी को इस महोत्सव की शुरूआत ध्वजारोहण और घटयात्रा से होगी, कचनार में राजपुर मार्ग पर अयोध्या नगरी का निर्माण किया गया है। इस 7 दिवसीय आयोजन में प्रतिष्ठाचार्य बिनय भैया बंडा जिला सागर द्वारा संपूर्ण क्रियाएं कराई जाएगीं। कचनार जैन समाज के अध्यक्ष अरबिंद जैन ने बताया कि 2 फरवरी को भगवान के गर्भ कल्याणक की पूर्व क्रियाएं सम्पन्न होगीं। 3 फरवरी को भगवान के गर्भ कल्याणक की उत्तर क्रियाएं, 4 फरवरी को जन्म कल्याणक, 5 फरवरी को तप कल्याणक, 6 फरवरी को ज्ञान कल्याणक और 7 फरवरी को मोक्ष कल्याणक के साथ गजरथ की फेरी का आयोजन होगा। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें कई स्थानों से श्रद्धालु शामिल होंगे।

## शाढ़ौरा की हनुमान टेकरी पर किसानों ने उल्टा हल गाढ़ कर फसल रक्षा की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

फसल रक्षा की कामना के साथ क्षेत्र के आस्था एव विश्वास के केंद्र श्री हनुमान टेकरी धाम पर किसानों ने उल्टा हल गाढ़ कर फसल रक्षा की कामना हनुमान जी महाराज से की है। शनिवार को दोपहर 2 बजे शाढ़ौरा के किसानों ने खड़यिा मोहल्ले से उल्टा हल लेकर भजन कीर्तन करते हुए जलूस निकाला।

जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए क्षेत्र के आस्था एवं विश्वास के केन्द्र श्री हनुमान टेकरी धाम पहुंचा जंहा किसानों ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ हनुमान जी मंदिर के सामने उल्टा हल गाढ़ कर फसलों की रक्षा करने की कामना की। कृषक सुरेश सिंह रधुवंशी मटल्ली ने बताया कि अनेकों वर्षों से खड़यिा मोहल्ला के किसान धार्मिक अनुष्ठान के साथ हनुमान टेकरी धाम पर उल्टा हल गाढ़ कर हनुमान जी से फसलों की रक्षा करने का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने बताया कि हनुमान जंयती के दिन जब सभी किसानों की फसलें सुरक्षित घर आ जाती है उत्साह उमंग के साथ विशाल भंडारा टेकरी धाम पर करते हुए हल को निकाल कर सीधा हल जलूस के रूप में वापस ले जाते हैं। हमेशा हनुमान जी ने हमारी फसलों की रक्षा आलो पानी ,अतिवृष्टि ,एवं अन्य विपत्तियों से की हैं। इस अवसर पर कृषक सिरनाम सिंह राजू रधुवंशी,बनबीर सिंह रामकृष्ण सिंह मंडल, हरिसिंह, भूपेंद्र दुबे,अखलेश सिंह रधुवंशी सहित अनेकों किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने आरोप लगाया मतदाता सूची से एसटी, और अल्पसंख्यकों के नाम फर्जी शिकायतों से हटाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को जिला कांग्रेस ने एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर आरोप लगाया कि मतदाता सूची से जो नाम हटाए जा रहे हैं उनमें एसटी और अल्पंसख्यकों के नाम शामिल हैं।

उनका आरोप है कि कुछ लोग फर्जी तरीके से नाम काटने का एक पूरा नेटवर्क चला रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह नेटवर्क लिफाफों में शिकायतें भेजकर मतदाता सूची एसआईआर से नाम कटवा रहा है। इन शिकायतों में किसी एक व्यक्ति का नाम शिकायतकर्ता के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जबकि मोबाइल नंबर किसी और व्यक्ति का लिखा होता है। अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, कांग्रेस महा सचिव यादवेंद्र सिंह यादव



और जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिले भर में इस तरह की फर्जी शिकायतें की जा रही हैं और इसे एक सुनियोजित षड्यंत्र बताया। कांग्रेस ने उदाहरण देते हुए बताया कि चिरवांस गांव में 61 और कर्र गांव में 35 नाम काटे गए हैं। यह नाम मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के हैं। इसके अलावा, कई अन्य गांवों से भी नाम काटे जाने की शिकायतें मिली हैं। नेताओं ने यह भी बताया कि जिन लोगों को शिकायतकर्ता दर्शाया गया है, उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनके नाम का इस्तेमाल मतदाता सूची से दूसरों के नाम कटवाने के लिए किया जा रहा है।

इसमें शिकायतकर्ता का नाम और मोबाइल नंबर अलग-अलग होता है। विधायक हरीबाबू राय ने आरोप लगाया कि नाम काटने की फर्जी शिकायतें करने के लिए कुछ लोगों ने एक पूरा सिस्टम बना रखा है। उन्होंने आशंका जताई कि ये लोग एक कार्यालय चला रहे हैं और उनके पास नामों की सूची हो सकती है, जिससे वे मुस्लिम और अनुसूचित जनजाति वर्ग के मतदाताओं की पहचान करते हैं। विधायक राय ने दावा किया कि मुख्य रूप से कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है और जिले में हजारों लोगों के नाम इस तरह से काटे गए हैं।

## बजट पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला होगा केंद्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला होगा केंद्रीय बजट, यह संभावना



भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने शनिवार को बजट पूर्व बयान जारी कर जताई। उन्होंने बताया कि आज 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा में पेश केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय अशोकनगर में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसके अलावा जिले के सभी 17 मंडलों में भी उक्त प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रम के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लोकसभा में वर्ष 2026- 27 विकसित और समृद्ध भारत के लिए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर समय 10:30 दिखाया जाएगा। जिसमें पार्टी के समस्त वरिष्ठ सभी जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी केंद्रीय बजट का प्रसारण सुनने के लिए लाइव होंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी ने बताया कि जिले के सभी 17 मंडलों में निर्धारित स्थानों पर केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं जनता केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए जाने बजट में शामिल होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यह केंद्रीय आम बजट प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाले 80वें केंद्रीय बजट के संदर्भ में विकसित भारत/2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय बजट 2026 के जनहितकारी प्रावधानों के प्रभावी प्रचार-प्रसार को समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचना है। केंद्रीय बजट के प्रचार प्रसार हेतु समस्त मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता बड़ा स्क्रीन लगाकर सर्व समाज को केंद्रीय बजट का प्रसारण दिखाएं ताकि लोगों को बजट का एक-एक बिंदु समझ में आ सके भारत सरकार का यह बजट शिक्षा स्वास्थ्य सड़क पानी बिजली महिलाओं युवाओं किसानों पर आधारित होगा।

## आत्मनिर्भर थीम पर ब्यूटीशियन कोर्स कार्यक्रम का समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यवस्था के तहत ब्यूटी पार्लर (ब्यूटीशियन) कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

6 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सौंदर्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे वे भविष्य में अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। आज ब्यूटीशियन कोर्स की अंतिम कक्षा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कोर्स शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के प्रभारी प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहरलाल सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. दीपा वर्मा एवं डॉ. अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर समाज में रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं।

### पुलिस विभाग ने स्मृति चिन्ह और उपहार बांटे

# सेवानिवृत्तों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानपूर्वक समारोह आयोजन से विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल अशोकनगर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। विदाई समारोह में सहायक उप निरीक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार अपने परिवार सहित उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा विदाई समारोह में सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहीरवार को शॉल श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर पुलिस विभाग में सराहनीय कार्यकाल पर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले देय स्वत्वों के भुगतान की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह पुलिस विभाग में





दिनांक 07.06.1986 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 16.11.2009 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 03.09.2015 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान अशोकनगर एवं गुना में पदस्थ रहें है। सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार पुलिस विभाग में दिनांक 16.03.1995 को आरक्षक भर्ती हुये, दिनांक 13.09.2013 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये एवं दिनांक 03.03.2021 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार सेवाकाल में गुना, ग्वालियर, अशोकनगर में पदस्थ रहें है। इसमें पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्रसिंह कँवर, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, निरी. नरेन्द्र त्रिपाठी, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार आईना साहिवा मुख्य लिपिक राजेश कन्नौजी, पुलिस स्टाफ एवं सेवानिवृत्त अधिकारी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। पुलिस परिवार सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहीरवार द्वारा पुलिस विभाग को दिए गए जीवन के बहुमूल्य समय के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है एवं उनके उज्जवल भविष्य की मांगल कामना करते हैं।

### अशोकनगर नगर पालिका द्वारा घर-घर जाकर चलाया जा रहा वसूली अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगरपालिका अशोकनगर द्वारा जलकर की बकाया वसूली एवं अवैध नलों की जांच करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसमें वसूली कर्मचारियों की दो टीमें बनाई गई है जो प्रतिदिन वार्डो में जाकर नलों की जांच करते हुए अवैध नल पाए जाने पर एवं वैध नलों की बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में नल काटे जा रहे हैं।

उक्त टीम में वसूली वार्ड प्रभारी सहित प्लंबर कर्मी भी जा रहे हैं ताकि जरूरी होने पर मौके पर ही नल काटे जा सकें चूंकि अब सभी निकायों को आत्म निर्भर बनने हेतु निर्देश दिए जा रहे हैं और आय बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सीएमओ विनोद उन्नीतान ने विगत दिवस मीटिंग लेते हुए सभी कर्मचारियों को कड़ाई के साथ बकाया वसूली के निर्देश दिए थे। साथ ही नपा द्वारा बकायादारो से अपील की गई है कि अपनी अपनी बकाया राशि शीघ्र जमा करें।

### ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि स्कूल एवं खेल मैदान पर से अवैध अतिक्रमण को हटाया



**अशोकनगर।** तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 50, 51/अ 68/2025-26 से ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 में 0.945 हेक्टेयर शासकीय स्कूल एवं खेल मैदान पर से मुकेश पुत्र भैयालाल कुशवाह, कमल सिंह पुत्र लालाराम कुशवाह, राजाराम पुत्र भागचंद कुशवाह, कैलाश पुत्र दिमान सिंह कुशवाह, दशरथ पुत्र सुखलाल कुशवाह, गणेशराम पुत्र भागचंद कुशवाह द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।

### 2026 को बताया कृषि वर्ष- जिसमें आय बढ़ाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर देंगे जोर

# विस क्षेत्र में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्यों का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया बाग, पाडल्या बना, गादिया, चारपूरा एवं मानपुरा देव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, चेक डैम सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।





### बिनियाखेड़ी में 18 लाख की लागत से सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिनियाखेड़ी में विकास कार्यों को सशक्त रूप देते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व स्तर पर बढ़ती ख्याति का भी उल्लेख किया और कहा कि आज भारत विकास, विश्वास और नेतृत्व के नए मानक स्थापित कर रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से देश और प्रदेश दोनों प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। इस कार्यक्रम में जिला भजयूमो जिला अध्यक्ष के पी परमार, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा, अर्जुन सौंधिया, कमल सौंधिया, सरपंच कृष्णपाल सौंधिया, एसडीओ प्रवीण सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

#### *2026 मध्यप्रदेश का कृषि वर्ष*

*मंत्री पंवार ने बताया कि वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में "कृषि वर्ष" के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा।*

#### *भारत-यूरोपियन यूनियन ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री की विदेश नीति की सराहना*

*मंत्री पंवार ने भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और सशक्त विदेश नीति का परिणाम है। इस समझौते से भारतीय कृषि उत्पादों, उद्योगों और निर्यात को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी, जिससे किसानों और उद्यमियों को लाभ होगा।*

### ठंड में अलाव का सहारा लेकर किसानों के बीच पहुंचे विधायक



**कुरावर।** शनिवार को क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का असर दिनभर बना रहा। सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके, जिससे शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी रहा। ठंड से बचने के लिए नगर व ग्रामीण अंचलों में नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को गली-मोहल्लों व मुख्य मार्गों पर अलाव का सहारा लेते देखा गया। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ठंड के इस कठिन दौर में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे। हाल ही में हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान की जानकारी लेने विधायक किसानों के बीच पहुंचे, जहां किसान अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे थे। विधायक ने किसानों से सीधे संवाद कर फसल क्षति की स्थिति जानी और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र राहत दी जा सके। इस दौरान ग्रामीणजन एवं किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### महिला का पीछा करते हुए घर में भी फेंकता था पत्थर

## धर्म परिवर्तन के लिए परेशान करने वाले युवक पर दर्ज की एफआईआर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के पुरा क्षेत्र निवासी एक हिन्दू महिला को जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कई दिनों से परेशान करते आ रहे युवक पर कोतवाली पुलिस ने मप्र धार्मिक स्वतंत्रता का अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवक कभी महिला का पीछा करते हुए उसे धमकी देता तो कभी उसके घर पर पत्थर फेंका करता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया है।

#### थाने पहुंचे परिजन और हिन्दू संगठन कार्यकर्ता

युवक से परेशान महिला ने यह बात अपने परिजनों को बताई। जानकारी लगने पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भी शुक्रवार रात्रि थाने पहुंचे और पुलिस से कार्यवाही की मांग रखी। पुलिस ने राजा मेवाती पर बीएनएस की धारा 78(1), 79, 351(3) एवं मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3(1)(बी) एवं 5 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए युवक को कस्टडी में लिया है।

#### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार पुरा मोहल्ला निवासी एक महिला को समीप ही रहने वाला राजा उर्फ राजू मेवाती कई दिनों से पीछा करते हुए धमकियां दे रहा था। युवक धमकी देता था कि अगर तुमने इस्लाम धर्म नहीं अपनाया तो जान से खत्म कर दुंगा। कई बार राजा ने महिला के घर के सामने बैठकर दरवाजा भी खटखटाया। इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि दो-तीन दिन पहले जब वह मंदिर जा रही थी उस समय भी राजा ने उसका पीछा किया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विद्यालय जीवन में फेयरवेल पार्टी का विशेष महत्व होता है। यह वह अवसर होता है जब जूनियर छात्र अपने सीनियर्स को सम्मान, स्नेह और शुभकामनाओं के साथ विदा करते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य हितेश सोनी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कक्षा 12 के छात्रों के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फेयरवेल पार्टी के दौरान सीनियर्स के लिए मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य हितेश सोनी व समस्त शिक्षकों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला अंत में, भावुक विदाई के साथ कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। यह फेयरवेल पार्टी सभी के लिए यादगार बनी है। इस अवसर पर रूप चतुर्वेदी निर्मला मालवी माया यादव सुनील चौहान गोवर्धन यादव राजेश जोशी विकास नागर दीपक गोयल समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भाजपा के जिला सम्मेलन में बोले पार्टी पदाधिकारी

## पारदर्शिता बढ़ाने मनरेगा में हुए हैं कुछ बदलाव : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

केंद्र सरकार की महती विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण), (वीबी जी रामजी) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वृहद स्तर पर रूपरेखा तैयार की है। इस संबंध में आयोजनों की तैयारी के संबंध में पचोर स्थित रामपुरिया बालाजी परिसर में पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के उद्धेश्य से सरकार ने उसमें महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं लेकिन विपक्षी पार्टियां राजनैतिक रोटी सेंकने लिए जनता के सामने अलग रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। इस योजना से मजदूरों को कैसे पहले से अधिक लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी सम्मेलन, चैपाल के माध्यम से प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के वक्ता ग्रामीण मजदूरों तक पहुंचाएंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला संयोजक, सह संयोजक की नियुक्तियां की गई हैं।



#### *आगामी दिनों में चलेगा व्यापक अभियान*

*पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूर हितेषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आगामी दिनों में जिला, मंडल स्तरीय सम्मेलन एवं चैपालें आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, प्रताप मंडलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोना सुस्तानी सहित पार्टी के जिला प्रभारी उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने किया एवं आभार जिला महामंत्री ममता इंदौरिया ने माना।*

## अग्रवाल जिला महासभा अध्यक्ष बने राजेंद्र बंसल, समाजजनों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

गत दिनों जिले के पचोर नगर में जिला अग्रवाल महासभा के निर्वाचन अध्यक्ष पद लिए तीन इच्छुक उम्मीदवार थे जिसका निर्वाचन आपसी सहमति से पर्ची द्वारा किया गया।

जिसमें राजेंद्र बंसल जीरापुर महासभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। माचलपुर नगर समाजजनों ने उनके नगर आगमन पर अग्रवाल धर्मशाला में उनका स्वागत साफा पहनाकर कर पुष्पमाला से किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर माचलपुर अग्रवाल समाज संरक्षक मनोहरलाल माधावत समाज अध्यक्ष शरद माधावत, सत्यनारायण गोयल, रमेशचंद बंसल, राधेश्याम बंसल, सतीश गोयल, उमेश बंसल, पवन अग्रवाल, अरुण गोयल,पंकज माधावत, भरत गर्ग, मुकेश माधावत, संदीप लोहिया, आयुष माधावत, सुनील बंसल, प्रमोद गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन उपस्थित रहे।

### बजट पर आमजन का मतः महंगाई कम करने की मांग महिलाओं ने की

**जीरापुर।** शासन द्वारा रविवार को बजट पेश किया जाएगा। इस आम बजट को लेकर नगर में महिलाओं ने अपने अपने मत पेश किए। जिसमें महंगाई को काबू में रखकर बजट पेश करने की मांग सामने आई। नगर की गृहणी कुसुम जमींदार ने कहा कि हमें सरकार से उम्मीद है कि वह हर वर्ग के लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखकर संतुलित बजट बनाएंगे क्योंकि लगातार सोना , चांदी और गैस सिलेंडर आवश्यकता की वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। ऐसे में हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बजट लाया जाना चाहिए। राशन के सामान भी दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में महंगाई पर नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। किराना व्यवसाय चंदन सिंगी ने कहा कि जीएसटी में सुधार की आवश्यकता है। लेकिन कारोबारी अभी भी जीएसटी में अतिरिक्त सुधार की मांग कर रहे हैं वही बताया कि जो पांच प्रतिशत जीएसटी कम किया था उसमें कंपनी अपने मनमाने ढंग से रुपए बढ़ाकर ले रही है इस पर भी लगाम लगाना चाहिए।

## बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीयता में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

परीक्षा और चुनाव दोनों ही अत्यंत गोपनीय प्रक्रियाएं होती हैं, इनमें अनुशासन और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में आगामी बोर्ड परीक्षाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस अधिकारी, कर्मचारी को जो दायित्व सौंपे गए हैं वे पूरी गंभीरता के सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ उनका पालन करे। उक्त निर्देश आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रदान किए। बैठक में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष बोर्ड द्वारा जारी समस्त नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नलल रोकने बनाए गए समस्त उड़नदस्तों को सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



### पुष्पद समाज की बैठक में राजगढ़ नगर कार्यकारिणी गठित

**राजगढ़।** फूलमाली पुष्पद समाज राजगढ़ नगर ईकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय पुष्पद समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में महेश पुष्पद किशनगढ़ को अध्यक्ष, राजेंद्र पुष्पद पुरा को उपाध्यक्ष, दिलीप पुष्पद एलआईसी कोषाध्यक्ष, रितुराज पुष्पद को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राम-जानकी मंदिर समिति का अध्यक्ष चतरलाल पुष्पद एवं धर्मशाला व्यवस्था कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी महेश पुष्पद को सौंपी गई। इस अवसर पर श्यामसुंदर पुष्पद, घनश्याम पुष्पद, लक्ष्मीनारायण पुष्पद, गोपाल पुष्पद, अजय पुष्पद, राहुल पुष्पद, भंवरलाल पुष्पद, सूरज पुष्पद, महेंद्र पुष्पद सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक करेंगे 6 करोड़ 97 लाख 81 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आज विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा रविवार को दोपहर 1 बजे 6 करोड़ 97 लाख 81 हजार रुपये की लागत से बने तहसील टप्पा कार्यालय भवन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे।

कालापीपल मार्ग पर श्रीकृष्ण गौशाला के सामने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार की योजना के तहत 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित तहसील टप्पा कार्यालय भवन का लोकार्पण दोपहर 1 बजे किया जाएगा। इस नवीन भवन के शुभारंभ से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत कर 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जिसकी लागत 5 करोड़ 73 लाख 81 हजार रुपये है। इसके लोकार्पण के बाद नगर व ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील टप्पा कार्यालय के लोकार्पण से होगी, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के साथ संपन्न होगी।



### श्रृष्टि के शिल्पकार के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

## विश्वकर्मा समाज ने आराध्य देव की जयंती पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस समूची श्रृष्टि के शिल्पकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव समाजजनों द्वारा धूमधाम और विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा नाका नंबर-3, कन्या शाला, रानी लक्ष्मी चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य समितियों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में समाज के पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन, बच्चे सहित सभी आयुवर्ग के लोग सम्मिलित हुए।



#### आगामी कार्यक्रम के लिए तैयार की रूपरेखा

यात्रा के समापन उपरान्त मंदिर परिसर में पूजा-आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज की उन्नति के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस करने एवं समाज में कहीं-कहीं व्याप्त कुछ कुरीतियों के उन्मूलन के संबंध में भी वरिष्ठजनों ने अपनी बात रखी।

### बाइक रैली निकालकर किया आक्रोश व्यक्त

## यूजीसी के विरोध में आज बाजार बंद का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को लेकर सवर्णों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। यूजीसी के विरोध में शनिवार शाम को सवर्ण समाज द्वारा ब्यावरा शहर में बाइक रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। इसके अलावा रविवार को दोपहर 1 बजे तक सवर्ण समाज द्वारा बाजार बंद कराकर विरोध प्रकट किया जाएगा। दुष्परिणामों को देखते हुए यह विरोध किया जा रहा है। इसी को लेकर शनिवार शाम को करणी सेना के तत्वावधान में ब्यावरा में बाइक रैली निकालकर विरोध प्रकट किया। वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में सवर्ण समाज के युवा व समाजजन शामिल हुए।

इसके बाद रैली की शुरूआत की गई। उक्त रैली वैष्णौदेवी मंदिर से शुरू होकर सुठालिया बायपास रोड पर पहुंची। वहां से पुराना सुठालिया रोड होते हुए मुख्य बाजार में पहुंची। फिर मैन मार्केट होकर नीम चैराहा होते हुए जगात चौक पहुंची। वहां से अहिंसा द्वारा होकर पुराने एबी रोड पर पहुंची। फिर पुराने एबी रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए बाइक रैली वैष्णोदेवी मंदिर पर पहुंची। जहां पर बाईक रैली का समापन किया गया।



#### सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है, वापस नहीं हुई

सवर्ण समाज के लोगों का कहना है यूजीसी पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है, इसको केंद्र सरकार द्वारा अभी वापस नहीं किया। जब तब इसको वापस नहीं किया जाएगा या सवर्ण छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय नहीं होगा, तब तक विरोध जारी रहेगा। जो कमेटी बन रही है उसमें भी सवर्ण समाज को लिया जाए। साथ ही झूठी शिकायत पर कार्रवाई का प्रावधान हो। इसीको लेकर प्रदर्शन जारी है।

#### *आज दोपहर एक बजे तक रहेंगे बाजार बंद*

*यूजीसी के विरोध में रविवार को सवर्ण समाज द्वारा बाजार बंद कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए शनिवार से ही शहर में मुनादी शुरू कर दी थी। साथ ही दुकानदारों से बाजार बंद करने का आव्हान किया था।ऐसे में सवर्ण समाज के लोगों ने दुकानदारों, होटल संचालकों, प्रतिष्ठान संचालकों से आव्हान किया है कि रविवार को दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रखकर बंद का समर्थन करें। सवर्ण समाज के लोगों ने अपने समाजजनों से शांति के साथ बाजार बंद करवाने का आव्हान किया है। इसके लिए सुबह 9 बजे वैष्णौदेवी मंदिर पर सवर्ण समाज के लोग एकित्रत होंगे। वहां से हाथों में तख्तियां लेकर जुलूस की शक्ल में एबी रोड, थाने के सामने से होते हुए पीपल चौराहे पर पहुंचेंगे।वहां से मुख्य बाजार होते हुए नीम चैराहा, जगाता चैक होकर अहिंसा द्वारा पहुंचेंगे।अहिंसा द्वारा से वापस मस्जिद के सामने से होते हुए पीपल चैराहे पहुंचेंगे। पीपल चौराहे पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा।*